सितम्बर - 2021

Agra SMART CITY

# आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 4th रैंक

30 सितम्बर 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग








## देखते, देखते यूं बना दिया भगवान टाकीज चौराहे को स्मार्ट

72 घंटे और बदल दी भगवान टाकीज की सूरत । ये हो पाया आगरा स्मार्ट सिटी के अथक प्रयासों से । इतना आसान नहीं था इस चौराहे को स्मार्ट बनाना। लगभग 90 साल इसकी हालत ऐसी ही थी। आाजदी का अमृत महोत्सव के तहत स्मार्ट सिटी आगरा में भगवान टाकीज चौराहे को चुना। हर विभाग से बातचीत की। एनओसीसे ली। फिर कर दिया काम शुरू। तीन दिन में काया कल्प कर दिया। मंडलायुक्त अमित कुमार ने कायाकल्प कार्य का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। सिर्फ तीन दिन में स्मार्ट सिटी ने भगवान टाकीज का कायाकल्प कर दिया। अब आटो रिक्शा, बसें, मैजिक वाहन समेत अन्य वाहन सलीके से खड़े नजर आते हैं। पौधे इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। वहींपीएमसी वाइस प्रेसीडेंट आनंद मेनन ने बताया कि भगवान टॉकीज चौराहे पर फुटपाथ पर टाइल्स लगाए गये। सड़क के दोनों ओर पौधे लगाए लगें हैं। इन रात में जब फाउंटेन चलता है तो लोग अनायास





ही वहां रुक जाते हैं। आप कह सकते हैं कि यह शहर के बीचों बीच सेल्फी पांइट भी बन गया है। स्मार्ट सिटी की खासियत यह है कि इनमें पानी कम देना होगा। यह धूप में भी नहीं झुलसेंगे। जो पौधे छाया में बढ़ते हैं, ऐसे पौधे ही वहां लगाए गये।

### सजावट से बदल गया चौराहा

आगरा का भगवान टाकीज चौराहा अब बदला-बदला सा नजर आने लगा है। चौराहे पर ओवरब्रिज के नीचे रविवार को कलरफुल फाउंटेन लगा दिया गया है। इसके अलावा आसपास पौधों की संख्या भी काफी है। ऐसे में चौराहे पर फाउंटेन का नजारा काफी आकर्षित करने वाला है। इसके अलावा दीवारों पर आकर्षिक कलरफुल वॉल पेंटिंग तथा फुटपाथ को भी बेहतर बनाया गया है। बता दें कि आगरा के भगवान टॉकीज फ्लाईओवर बनने के बाद खूबसूरत पार्क विकसित किया गया था लेकिन यहां गंदगी का अंबार लग गया। शौचालय न होने से लोग टॉयलेट करने लगे और भगवान टॉकीज चौराहे पर गंदगी का अंबार लगने लगा था। ऐसे में एक अक्टूबर को भगवान टॉकीज चौराहे के सौंदर्यीकरण का काम शुरू हुआ। नगर निगम ने सौंदर्यीकरण कराया और फ्लाईओवर के नीचे पेंटिंग कराई४ गई। इस कार्य में इंडिया राइजिंग के वालियंटर्स ने सहयोग किया। दीवारों पर बेहतर पेंटिंग बनायीं।

### स्मार्ट आगरा की गूंज लखनऊ तक पहुंची

आगरा स्मार्ट सिटी ने शहर की दिशा और दशा दोनों ही बदल दी है। स्मार्ट सिटी की ओर से बेहतर काम किये जा रहे हैं। आगरा स्मार्ट सिटी काम के मामले में प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। यह बताने के लिए लखनऊ प्रदर्शनी में आगरा के छः मॉडल प्रदर्शित किये गये।दो मॉडल स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिसमें कुबेर पुर में आठ लाख मीट्रिक टन कूड़े के पहाड़ों को हटाकर पार्क बनाने८ और ताजमहल से दो किमी की दूरी तक सफाई व्यवस्था को प्रदर्शित कर रहा है। सीईओ निखिल टीकाराम फुंडे ने इस पर हर्ष व्यक्त किया है।



सितम्बर - 2021

Agra SMART CITY

# आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 4th रैंक

30 सितम्बर 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैकिंग



स्मार्टसिटी के तहत भगवान टाकीज का नजारा एकदम बदल गया। मेयर नवीन जैन ने फुब्बारे का उदघाटन किया। रंग बिरंगी लाइट्स के साथ फुब्बारे को देखने के लिए शहरवासी उमड़ पड़े। भगवान टाकीज पर ये अब सेल्फी पॉइंट बन गया। मेयर ने कहा शहर को इसी प्रकार साफ सुथरा और आकर्षण बनाये जाने का प्रयत्न जारी हैं।



स्मार्ट सिटी की ओर से हमारे संस्थान में भी कार्यशालाएं करायीं गईं। इंजीनियर्स के छात्रों ने इसका लाभ भी लिया। अब भगवान टाकीज की दशा को देखकर लगता है कि वाआगरा के कई मेरा शहर स्मार्ट हो गया है। मैं शहरवासियों से यह अपील करना चाहूंगा। कि हम लोग भी इसमें सहयोग करें। किसी कंपनी या सरकार की ओर से जो भी सुविधाएं मिल रहीं हैं। उनको सहेज कर रखना हम नागरिकों का भी कर्तव्य बनता है। तो मैं स्मार्ट सिटी को तहे दिल से धन्यवाद करता हूँ।

**डॉ. वीके सारस्वत, निदेशक आईटी**




शहर की सूरत बदलने से वास्तु के हिसाब से ये सकारात्मक हैं। भगवान टाकीज चौराहा शहर के बीचोबीच हैं। यहाँ से गंदगी हटाना सकारात्मकता लाएगा। शहर में सुख समृद्धि के संकेत हैं।

**अंकित शर्मा, भागवताचार्य**





भगवान टाकीज चौराहे के जीर्णोद्धार बेहतर हैं। आगरा टूरिस्ट पैलेस हैं। जिस प्रकार फतेहाबाद रोड का सौंदर्य करण किया हैं। वैसे ही भगवान टॉकीज का नजारा बदला हैं।



# ये हैं स्मार्ट सिटी के कार्य-

## स्मार्ट हैल्थ सेंटर एंड स्किल डवलपमेंट

शहर के अंदर 10 स्मार्ट हैल्थ सेंटर बनाए जा रहे हैं। जिसके तहत नगर निगम परिसर और गधापाड़ा पर हैल्थ सेंटर्स की शुरूआत हो चुकी है। पैथोलॉजी मे कम दरों पर जांच की जा रहीं हैं। जिसमें 700 से अधिक जांचे हो रहीं हैं। वहीं ताजगंज में महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने के लिए स्किल डवलपमेंट केंद्र संचालित किया जा रहा है।

## 100 ई बसों की मिलेगी सौगात

स्मार्ट सिटी के तहत 100 ई बसों की सौगात मिलेगी। इनका मॉडल भी लखनऊ में आयोजित प्रदर्शनी में रखा गया। नरायच में चार्जिंग डिपो बनकर तैयार है। संभवत नवंबर में 40 बसें शहर को मिलेंगी।

## कंट्रोल एंड कमांड रुम

282 करोड़ रुपए के कंट्रोल एंड कमांड रुम सिस्टम को प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके तहत शहर में लगभग 1226 कैमरे लगाए जाने हैं। 1170 कैमरे लग चुके हैं। 43 चौराहों पर सिग्नल सिस्टम को नये सिरे से बनाया जा रहा है।

## 24 घंटे होगी गंगाजल की आपूर्ति

स्मार्ट सिटी योजना के तहत पेयजल प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। लगभग 142 करोड का काम किया जा रहा है। इसके तहत 6 किलोमीटर तक 1200 एमएम की पाइप डाली जा रही है।

## नौ वार्डों में बदली जाएगी सीवर व्यवस्था

ताजमहल के आस पास के नौ वार्डों, दो गांव और छावनी क्षेत्र के आंशिक क्षेत्रों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। गली मौहल्लों में नयी सीवर लाइन डाली जा रही है। यह कार्य एबीडी के तहत किया जा रहा है।

## सड़कों की सूरत बदली जा रही है

एबीडी क्षेत्र की सड़कों को तो सुधारा ही जा रहा है। इसके साथ ही शहर की अन्य सड़कों भी सुधारा जा रहा है। मल्टी स्टोरी पार्किंग के लिए भी कार्य किया जा रहा है।



भगवान टाकीज की जो हालत थी। वो अब बिल्कुल नहीं है। शहर के बीचोंबीच इस चौराहे की सूरत स्मार्ट सिटी ने बदली है। उसे कायम रखने का हम नागरिकों का फर्ज है। मैं अपने एनजीओ के माध्यम से वालिंयटर्स के साथ इसके लिए शहरवासियों से अपील करुंगी कि अपने शहर को ऐसे ही स्वच्छ रहने दें। जिससे स्मार्ट आगरा स्मार्ट ही रहे।

**सुमन सुराना, हेल्पिंग हैंड एनजीओ**



हम लोग पाश्चात्य संस्कृति को अपनाने की कोशिश करते हैं। तो वह सिर्फ खाने और पहनने भर के लिए नहीं होनी चाहिए। इसके लिए आपको खुद के साथ अपने शहर को स्मार्ट बनाना होगा। यह सौगात हमें स्मार्ट सिटी की ओर से मिली है। तो अब इसे यूं ही रखने की जिम्मेदारी हमारी है। भगवान टाकीज चौराहे से लेकर सुल्तानगंज तक बिल्कुल सूरत बदली है।

**तूलिका कपूर, निदेशक आर्य श्री संस्थान**



रात के समय भगवान टाकीज का जो नजारा है। वो शायद बचपन से नहीं देखा। इसके लिए स्मार्ट सिटी को साधुवाद करते हैं। मेरा शहर यूं ही स्मार्ट रहे। इसके लिए हर शहरवासी को अपना समझकर इसकी देखरेख करनी है। स्मार्ट सिटी ने तो बनाया है। लेकिन हमारा कर्तव्य है कि हम उसमें सहयोग करें। सबसे बड़ी समस्या यहां यातायात की खत्म हुई है। साधुवाद।

**वत्सला प्रभाकर, अध्यक्ष महिला शांति सेना**